Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to set up a Planetarium in Meerut, Uttar Pradesh.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): मेरठ एक पौराणिक तथा ऐतिहासिक नगर होने के साथ-साथ पश्चिमी उत्तर प्रदेश में शिक्षा, चिकित्सा तथा अर्थव्यवस्था का केंद्र बिंदु है । केंद्र सरकार ने मेरठ का चयन स्मार्ट सिटी के विकास हेतु भी किया है । इसी क्रम में मेरठ महानगर में विद्यार्थियों में अनन्त ब्रह्माण्ड के प्रति जागरुकता तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण उत्पन्न करने हेतु तारामण्डल (प्लेनेटोरियम) की स्थापना की आवश्यकता है । तारामण्डल की स्थापना से सम्पूर्ण पश्चिमी उत्तर प्रदेश के छात्र-छात्राओं एवं जिज्ञासुओं को लाभ होगा तथा मेरठ में पर्यटन का भी विकास होगा ।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि मेरठ महानगर में तारामण्डल की स्थापना हेतु उचित कदम उठाए जाएं ।